एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

सैफ के गाने ओले ओले पर करीना कपूर ने किया डांस

ऐक्ट्रेस करीना कपूर लोगों के दिलों को जीतना अच्छी तरह से जानती हैं। करीना कपूर स्क्रीन पर अपनी ऐक्टिंग और सोशल मीडिया पर अपने फोटोज-विडियोज से सभी को आकर्षित करती हैं। करीना ने हाल ही में टेलीविजन पर अपना डेब्यू किया है। शो में उनके डांस को देखकर कोई भी दिवाना बन जाएगा।

एक बार फिर करीना कपूर का एक विडियो सामने आया है, जिसमें वह अपने पति सैफ अली खान की फिल्म ये दिल्लगी के हिट गाने ओले ओले पर डांस करते नजर आ रही हैं। इस गाने में करीना ने सैफ के डांस स्टेप्स को कॉपी किया है।

करीना कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह लंदन में डायरेक्टर होमी अदजानिया की फिल्म अंग्रेजी मीडियम में इरफान खाने के साथ शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म में वह पुलिस वाले की भूमिका मे नजर आएंगी।

हाल ही में करीना ने राज मेहता की फिल्म गुड न्यूज को शूटिंग को खत्म किया है। इस फिल्म में उनके साथ अक्षय कुमार, कियारा आडवाणी और दिलजीत दोसांझ भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं।

इन फिल्मों के अलावा करीना कपूर करण जौहर की पीरियड ड्रामा फिल्म तख्त में रणवीर सिंह, जान्हवी कपूर, विकी कौशल और भूमि पेडनेकर के साथ नजर आएंगी।

करगिल शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा की बायॉपिक में नजर आएंगी कियारा आडवाणी

कियारा आडवाणी ने फिल्म इंडस्ट्री में फिल्म एम एस धोनी: द अनटोल्ड स्टोरी से डेब्यु किया। इस फिल्म में उनकी भूमिका को काफी सराहा गया। इसके बाद हाल ही में उनकी फिल्म आई कबीर सिंह। इस मूवी ने बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ से भी ऊपर की कमाई की है। इसके बाद से तो कियारा अपनी सफलता को लेकर और भी ज्यादा उत्साहित और खुश नजर आ रही हैं।

कियारा ने बताया कि जल्दी ही व कैप्टन विक्रम बत्रा की बायॉपिक में नजर आएंगी।

बता दें कि कैप्टन विक्रम बत्रा पर बनने वाली इस फिल्म का नाम शेरशाह है। कियारा आडवाणी ने बताया कि इस फिल्म में वह लीड रोल में नहीं हैं लेकिन यह फिल्म करना उनके लिए सम्मान की बात है। कियारा के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह कैप्टन विक्रम बत्रा की बायॉपिक के अलावा गुड न्यूज और लक्ष्मी बॉम्ब के अलावा इंदू की जवानी में नजर आएंगी। कैप्टन विक्रम बत्रा करगिल युद्ध के महानायक थे। उन्होंने युद्ध के दौरान अपने सहयोगी को यह कहकर पीछे धकेल दिया कि उसके बाल-बच्चे हैं। इसके बाद 16 हजार फीट की ऊंचाई पर दुश्मनों को मात देते समय दुश्मन की गोली उनके सीने पर लगी और वह शहीद हो गए। बता दें कि दुश्मनों के बीच कैप्टन विक्रम बत्रा शेरशाह के नाम से मशहूर थे। वह जब शहीद हुए तो उनकी उम्र महज 24 वर्ष थी।

ओ साकी के नए वर्जन से खुश नहीं हैं कोइना मित्रा

जॉन अब्राहम की आने वाली फिल्म बाटला हाउस के मेकर्स ने नोरा फतेही पर फिल्माए गए डांस नंबर ओ साकी साकी का टीजर रिलीज कर दिया है। इस टीजर को फैन्स काफी पसंद भी कर रहे हैं। लेकिन इस गाने के पहले वर्जन में नजर आईं ऐक्ट्रेस कोइना मित्रा कुछ खास खुश नहीं हैं। ऑरिजनल साकी साकी सॉन्ग साल 2004 में आई फिल्म मुसाफिर में कोइना मित्रा और संजय दत्त पर फिल्माया गया था। कोइना ने सोशल मीडिया पर इस गाने के रीक्रिएटेड वर्जन पर नाखुशी जताई है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, मुसाफिर फिल्म का मेरा गाना साकी-साकी रीक्रिएट किया गया है। सुनिधि, सुखविंदर और विशाल-शेखर का कॉम्बिनेशन जबरदस्त था। मुझे नया वर्जन पसंद नहीं आया, इसे बर्बाद कर दिया गया। इस गाने ने कई ब्लॉकबस्टर्स को पछाड़ दिया था। ऐसा क्यों किया बाटलाहाउस क्यों? हालांकि ट्वीट के लास्ट में कोइना ने नोरा फतेही की तारीफ करते हुए लिखा, नोरा एकदम गजब की हैं। उम्मीद है कि वह हमारे सम्मान को बचा लेंगी। इस बीच बता दें कि निखिल आडवाणी के डायरेक्शन में बनी बाटला हाउस आने वाले 15 अगस्त को रिलीज हो रही है। इसका ट्रेलर रिलीज किया जा चुका है जिसे ऑडियंस काफी पसंद कर रही हैं। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का मुकाबला अक्षय कुमार की मिशन मंगल और प्रभास की साहो से होगा।